**विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0**
**(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
**एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास), विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010**

## सूचना

उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० के अन्तर्गत **टेक्नीशियन ग्रेड–2 (प्र0) के कुल 623 पदों** को सीधी भर्ती के माध्यम से प्रतियोगितात्मक परीक्षा (केवल लिखित परीक्षा) के द्वारा भरने हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले भारतीय नागरिकों से विज्ञापन सं0 12/विसेआ/2015/टी0जी0–2/623 के विरूद्ध अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 05.01.2016 से 05.02.2016 तक प्राप्त किये गये थे। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में सूचित करना है कि टी0जी0–2 के पदों पर सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं परीक्षा प्रणाली में संशोधन के उपरान्त आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि को पुनः खोलने एवं विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। अब पुनः आवेदन पत्र संशोधित विज्ञापन के विरूद्ध दिनांक 06.05.2016 से 27.05.2016 तक प्राप्त किये जायेंगे। **संशोधित विज्ञापन सं0 12/विसेआ/2015/टी0जी0–2/623 (संशोधित)** कारपोरेशन की वेबसाइट पर उपलब्ध **है**। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व निर्गत विज्ञापन सं0 12/विसेआ/2015/टी0जी0–2/623 के विरूद्ध पूर्व में आवेदन किया जा चुका है उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। जिन अभ्यर्थियों को विज्ञापन में संशोधन से किसी प्रकार की आपत्ति है वे अपना आवेदन शुल्क वापस ले सकते हैं। उन्हें सचिव, विद्युत सेवा आयोग को सम्बोधित पत्र एवं अद्यतन फोटो स्पीड–पोस्ट के द्वारा प्रेषित करना होगा।

निर्धारित अनिवार्य अर्हता, आयुसीमा एवं अन्य विवरण हेतु विस्तृत संशोधित विज्ञापन 12/विसेआ/2015/टी0जी0–2/623 (संशोधित) विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org पर Vacancy/Result के अन्तर्गत देखा जा सकता है।

सचिव, विद्युत सेवा आयोग

---

नोटः उक्त लाइन के नीचे का मैटर न छापें।

पत्रांक:508 /विसेआ/12–2015/623–टी0जी0–2(संशोधित) दिनांक : 03.05.2016

Secretary,
Electricity Service Commission
U.P.P.C.L., Lucknow

1\D:\CSNo. 01\11\EXAM\2015\12-2015 TG\COVERING LT ADD.doc

संशोधित

# विद्युत सेवा आयोग

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि०,
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर
लखनऊ–226010

**(विज्ञापन सं० 12/विसेआ/2015/623..टीजी 2/ संशोधित)**

उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत वितरण निगमों में समूह 'ग' की रिक्तियों हेतु उ०प्र० पावर कारपोरेशन से प्राप्त अधियाचन के अनुपालन में सीधी भर्ती के माध्यम से प्रतियोगात्मक लिखित परीक्षा के द्वारा, निम्न निर्धारित **अनिवार्य शैक्षिक अर्हतायें** रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन **ऑनलाइन माध्यम** के द्वारा आमंत्रित हैं। **अन्य माध्यम से विद्युत सेवा आयोग कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।** श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है :

| क्रम सं0 | पद कोड | पद का नाम | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर) | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 121 | तकनीशियन ग्रेड–2 (प्रशिक्षु)– विद्युत | 313 | 168 | 130 | 12 | 623 |

- ❖ उपरोक्त रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाने एवं बढ़ाने का अधिकार उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० के पास सुरक्षित है।
- ❖ उक्त पदों पर आरक्षण उ0प्र0 राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य है। अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी अनारक्षित वर्ग के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।

1. वेतनमान:– वेतन बैण्ड–1 में वेतनमान रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2600 (अन्य भत्ते उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार होगें)
2. अनिवार्य शैक्षिक अर्हतायें:–

   आवेदन के समय अभ्यर्थी के पास निम्न शैक्षिक अर्हता का होना **अनिवार्य** है।

   माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा, **विज्ञान एवं गणित** विषयों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक तथा **इलेक्ट्रीशियन/ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल (कौशल विकास के अर्न्तगत विद्युत वितरण)** ट्रेड में अखिल भारतीय/राज्य व्यवसायिक प्रमाण पत्र ।
3. आयु : दिनांक **01-07-2015** को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष
4. आयु में अनुमन्य छूट :

   (क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, 'अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर)' एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के अभ्यर्थियों को, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है, को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट
   अनुमन्य है।

   (ख) भूतपूर्व सैनिक(**यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो**) को अधिकतम आयु सीमा में उनके द्वारा सेना में की गयी पूर्ण वर्षों की सेवा की अवधि में तीन वर्ष जोड़ते हुए छूट अनुमन्य होगी।

   (ग) अप्रेन्टिसशिप एक्ट–1961 के अन्तर्गत अप्रेन्टिस प्राप्त अभ्यर्थियों के निर्धारित आयु से अधिक होने की दशा में उन्हें प्रशिक्षण अवधि की सीमा तक (अधिकतम 2 वर्ष) अधिकतम आयु सीमा में शिथिलता अनुमन्य होगी।
5. आरक्षण :–(क) आरक्षण का लाभ लेने हेतु उ0प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है। **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/'अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रेणी के वे अभ्यर्थी जो उ0प्र0 के मूल निवासी नहीं है, केवल सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करें।** (ख) अनुसूचित जनजाति के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनुसूचित जाति के

विद्युत सेवा आयोग उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० 2016

अभ्यर्थी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनूसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का चयन नियमानुसार किया जायेगा। (ग) भूतपूर्व सैनिक (यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो) को नियमानुसार रिक्तियों का 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा। (घ) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित को नियमानुसार रिक्तियों का 2 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होगा। (ङ) **विकलांग अभ्यर्थियों हेतु उपरोक्त विज्ञापित पद उ0प्र0 शासन द्वारा आरक्षण हेतु चिन्हित नहीं हैं अतः विकलांग अभ्यर्थी कृपया आवेदन न करें।** (च) चयन परिधि की सूची के अन्त में दो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं अन्य बातें समान होने पर अप्रेन्टिस एक्ट–1961 के अन्तर्गत अप्रेन्टिस प्राप्त अभ्यर्थियों को चयन में वरीयता प्रदान की जायेगी एवं यदि प्राप्तांक एवं अन्य बातें समान होने पर एवं अप्रेन्टिस की अवधि भी समान हो तो ऊर्जा विभाग/ऊर्जा प्रतिष्ठान में की गयी अप्रेन्टिस को वरीयता प्रदान की जायेगी।

6. <u>आवेदन शुल्क :</u> आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी (उ0प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है।) | Rs. 700/- |
| 2. | अन्य समस्त श्रेणी | Rs. 1000/- |

(1) आवेदन शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड अथवा स्टेट बैंक आफ इंडिया के चालान के माध्यम से जमा होगी, इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क जमा नहीं होगा। जमा करने की विधि वेबसाइट www.uppcl.org पर उपलब्ध है। **बैंक चार्जेज अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होंगे।** **(2)** आवेदन शुल्क के मद में जमा की गयी धनराशि अप्रतिदेय (Non Refundable) है एवं किसी भी दशा में न तो वापस की जायेगी और न ही स्थानान्तरित अथवा किसी अग्रिम चयन हेतु सुरक्षित की जायेगी।

7. <u>अर्हताओं एवं अन्य प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरण :–</u>

अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने पर लिखित परीक्षा में अस्थायी रुप से (provisionally) सम्मिलित किया जायगा। अभ्यर्थियों के मात्र लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से अर्हता /चयन का अधिकार प्राप्त नही हो जायेगा। विज्ञापित पद हेतु अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अर्हता सम्बन्धी योग्यता प्रमाण पत्र/ अंकपत्र/जाति प्रमाण पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र/ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र तथा भूतपूर्व सैनिक (यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो) प्रमाण पत्र इत्यादि (जो अप्रासंगिक हों उन्हें छोड़कर) की एक–एक स्वयं सत्यापित एवं हस्ताक्षरित छायाप्रति आनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट के साथ जॉच के समय जमा करायी जायेगी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से, श्रेष्ठता के आधार पर, रिक्तियों के 2 गुने अभ्यर्थियों को प्रथम चरणीय जॉच हेतु आमंत्रित किया जायेगा,जिसकी सूचना रजिस्टर्ड ई–मेल एवं एसएमएस द्वारा प्रेषित की जायेगी । शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को अर्हता सम्बन्धी अभिलेखों की प्रथम चरणीय जॉच में सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा कि स्थिति में चयन प्रक्रिया अपूर्ण होने के कारण उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी प्रकार की गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर, बिना सूचना के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थन निरस्त करने एवं चयन प्रक्रिया से वंचित करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अभ्यर्थियों के सहायतार्थ स्पष्टीकरण नोटः–दूरस्थ शिक्षा माध्यम से अथवा अनुभव के आधार पर अथवा वांछित ट्रेड के अतिरिक्त समकक्ष तकनीकी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।**

8. <u>अनापत्ति प्रमाण पत्र :</u> यदि कोई अभ्यर्थी किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में कार्यरत है तो उसे नियुक्ति के समय अपने विभागाध्यक्ष द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

9. <u>चरित्र :</u> अभ्यर्थी को अपने पिछले शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अथवा दो सम्मानित व्यक्तियों, जो सम्बन्धी न हो, द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना होगा।

विद्युत सेवा आयोग
उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0
2016

10. **<u>वैवाहिक स्थिति</u>** : ऐसे पुरूष/महिला अभ्यर्थी जो एक से अधिक विधि विरुद्ध जीवित पत्नी/पति रखते हो तथा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिनका विवाह विधि विरुद्ध ऐसे व्यक्ति से हुआ हो जिसके पास पहले से एक या एक से अधिक जीवित पत्नी हो, चयन हेतु अर्ह नहीं होंगे।

11. **<u>चयन प्रक्रिया</u>** : चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा।लिखित परीक्षा की अवधि एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

| पद का नाम | लिखित परीक्षा (अवधि–3 घंटे) | अंकों का विवरण |
|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड–2 (प्रशिक्षु)–विद्युत | **(क) लिखित परीक्षा** : लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र दो भागों का होगा।<br><br>**<u>प्रथम भाग</u>** :– (1) प्रथम भाग की लिखित परीक्षा में DOEACC के "CCC" स्तर का कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित एक प्रश्न पत्र होगा, जिसमें 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात यह परीक्षा 50 अंकों की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1/4 अंक की अतिरिक्त कटौती की जायेगी। (2)कम्प्यूटर ज्ञान की प्रथम भाग की परीक्षा में कम से **कम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा** अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुये उसकी लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।<br><br>**<u>द्वितीय भाग</u>** :– द्वितीय भाग में वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम निम्नवत होगा, जिसमें प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1/4 अंक की अतिरिक्त कटौती की जायेगी।<br><br>(i). सामान्य हिन्दी<br><br>(ii). सामान्य अध्ययन एवं तार्किक ज्ञान<br><br>(iii).तकनीकी विषयक ज्ञान<br><br>कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग के प्रश्न पत्र में अर्जित अंक श्रेष्ठता(मेरिट) निर्धारण हेतु जोड़े नहीं जायेंगे। | प्रथम भाग लिखित परीक्षा – 50 अंक<br>द्वितीय भाग लिखित परीक्षा – 150 अंक |

12 लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से, श्रेष्ठता के आधार पर, रिक्तियों के दो गुने अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट कर अर्हता सम्बन्धी अभिलेखों की जॉच हेतु आमंत्रित किया जायेगा । शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियो को जॉच प्रक्रिया में सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा कि स्थिति में चयन प्रक्रिया अपूर्ण होने के कारण उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा ।लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको की श्रेष्ठता के आधार पर, श्रेणीवार रिक्तियों की सख्यानुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी।

13 <u>परीक्षा स्थानः</u>– परीक्षायें लखनऊ, आगरा, इलाहाबाद, बरेली, गाज़ियाबाद, नोयडा, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ एवं कानपुर शहरों में होगी। अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर अथवा विशेष परिस्थितियों में परीक्षा के स्थान को बदला अथवा घटाया/बढ़ाया जा सकता है।

14. <u>आवेदन कैसे करें:</u> कारपोरेशन की वेबसाइट www.uppcl.org को खोलें एवं टैब "APPLY ONLINE AGAINST ADVT NO. '12/VSA/2015/TG2' FOR THE POST OF TG-2" पर क्लिक करें तथा खुलने वाले नये वेब पेज पर "How to Apply" पर क्लिक कर प्रक्रिया को भली–भॉति समझें एवं

विद्युत सेवा आयोग उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन लि० 2016

ESC-UPPCL

आवेदन पत्र को निर्देशानुसार पूर्ण करें। अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपना रजिस्टर्ड ई–मेल एवं मोबाइल नम्बर को अन्तिम परीक्षाफल आने तक सजीव रखें।परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना इन्हीं के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

15. **प्रवेश पत्र** : लिखित परीक्षा हेतु प्रवेष पत्र अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये रजिस्टर्ड ई–मेल पर प्रेषित किये जायेंगे। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र वेबसाइट www.uppcl.org से अथवा रजिस्टर्ड ई–मेल पर प्रेषित लिंक के द्वारा डाउनलोड करना होगा। Admit Card डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

16. **अन्य विवरणः व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य माध्यम से कार्यालय में भेजे गये आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ तथा उपरोक्त बिन्दु 7 के अनुसार छायाप्रतियॉ मूल आवेदन पत्र के साथ, जॉच के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में अथवा प्रस्तुत अभिलेख गलत पाये जाने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।** अभिलेखों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। नियुक्ति से पूर्व किसी भी स्तर पर गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर, अर्हता पूर्ण न पायें जाने पर, अभ्यर्थन/चयन बिना कारण बतायें निरस्त किया जा सकता है। आवेदन सम्बन्धी पूछताछ हेतु **helpdesk.tg1215@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी पत्राचार आवेदन पत्र में भरे गये पत्राचार के पते पर ही किये जायेंगे। उपर्युक्त विज्ञापन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। विज्ञापन का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.uppcl.org पर देखा जा सकता है।

17 पारदर्शिताः– परीक्षा की पारदर्शिता हेतु निम्न व्यवस्थायें की गई हैं:–
प्रश्नपत्र का सही हल, परीक्षा की समाप्ति से 02 दिन के अन्दर, विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा एवं अपलोड की तिथि से 03 दिन तक का समय साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कराने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

18 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल लखनऊ होगा।

19. महत्वपूर्ण तिथियाँ :

| क0सं0 | विवरण | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन शुल्क जमा करने एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने की विस्तारित अवधि | दिनांक 06.05.2016 से 27.05.2016 तक |
| 2 | परीक्षा की तिथि | **रविवार, 26 जून 2016** |

**आवेदन सम्बन्धी पूछताछ हेतु E-Mail : helpdesk.tg1215@gmail.com**

सचिव

No. 509 /VSA/12-VSA-2015/TG-2 dated 03.05.2016

विद्युत सेवा आयोग उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0 2016

ESC-UPPCL